तापमान
अधिकतम 47 .7 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 20 मई 2024

11 पेशवा नाना साहब को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



12 समाज कल्याण संगठन ने 38 पौधे लगाए



# कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित सड़क पर उतरे मयूर विहार के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर में गर्मी और उमस के बीच पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित रहने से परेशानी मयूरविहार की गली नंबर 25 व 26 के लोगों का रविवार को सड़क पर उतर आए। लोगों ने सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग पर गलियों के सामने सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी व यातायात टीम मौके पर पहुंची। जहां उनके आश्वासन के बाद कॉलोनी वासियों ने जाम को खोल दिया। जाम लगने के चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

- गोहाना रोड पर लगाया जाम, बिजली निगम ने खराब ट्रांसफार्मर को बदला
- गली नंबर 25 व 26 में कई दिनों प्रभावित है बिजली आपूर्ति

बता दें कि मयूर विहार की गली नंबर 25 व 26 में बिजली आपूर्ति पिछले कई दिनों से प्रभावित है। बिजली बाधित होने से एक तरफ जहां गर्मी के मौसम में दिन और रात काटना मुश्किल हो गया है, वहीं बिजली न आने के कारण पेयजल आपूर्ति, अन्य घरेलू कार्य भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहे थे। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान विभाग की तरफ से नही किया गया।

वहीं दूसरी तरफ जाम की सूचना मिलने के बाद हरकत में आए बिजली निगम ने क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर को बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी। जिसके बाद बिजली आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद ही क्षेत्र वासियों का गुस्सा शांत हुआ। बता दे कि गर्मी की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी लोगों को बिजली कट झेलने पड़ रहे हैं। बिजली की खपत भी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।



सोनीपत। गोहाना रोड पर जाम लगाकर खड़े मयूरविहार निवासी।



सोनीपत। जाम लगने से सड़क पर फंसे लोग।

परेशानी



### सड़क पर लग गया जाम

गोहाना रोड पर करीब आधे घंटे तक जाम जैसी स्थिति बनी रही। जिसके कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बड़वासनी से शहर की तरफ आने वाले वाहन चालक यू टर्न लेते हुए भी नजर आए। वहीं शहर से गोहाना की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को भी जाम की वजह से दिक्कत झेलनी पड़ी। हालांकि लोगों के सडक से हटते ही परिस्थितियां सामान्य हो गई। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

### निगम ने खराब ट्रांसफार्मर को बदला

कई दिनों से क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत मिली थी। जिससे बदलवा दिया गया है। गर्मी के मौसम में फाल्ट आने की सम्भावना अधिक रहती है। बिजली निगम लगातार उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। शिकायतों को गम्भीरता से लिया जा रहा है। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े, इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।
जीआर तंवर, एसई, सोनीपत बिजली निगम।

## खबर संक्षेप

### राइस मिल के सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट

**गन्नौर।** सनपेड़ा गांव के पास राइस मिल में ट्रैक्टर से धान उतारने गए युवक ने कंपनी में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड के साथ कंपनी से बाहर निकालने के बाद सर में बोतल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया कंपनी में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड ने घटना की सूचना बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी । शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पानीपत के गांव हथवाला के रहने वाले संदीप ने बताया कि संपेड़ा गांव के पास स्थित विनोद राइस मिल में वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। दोपहर को 1 बजे कंपनी में अपनी ड्यूटी पर था। इस दौरान सनपेडा गांव का पवन उर्फ पौनी अपना ट्रैक्टर लेकर कंपनी मे धान उतारने के लिए आया था । वहां पर कांटे वाला हाजिर नहीं मिला तो वह उसके बाद मेरे से बहस करने लगा। बाद में उसपर हमला कर दिया।

### नकदी व जेवर चोरी करने के आरोपी काबू

**सोनीपत।** शहर थाना पुलिस ने घर से नकदी व जेवरात चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अकबर निवासी करेवड़ी व बिजेंद्र उर्फ सोनू निवासी चिटाना का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने 31 मार्च को शहर थाना पुलिस ने शिकायत देकर बताया था कि वह मयूर विहार में किराए के मकान पर रहती है। वह अपने परिवार के साथ शादी समारोह में गई थी। पीछे से घर में चोरी हो गई।

### बस स्टैंड के सामने युवकों से मारपीट

**खरखौदा।** शहर के बस स्टैंड के सामने कई युवकों ने दो की पिटाई कर घायल कर दिया। खरखौदा निवासी महेश ने बताया कि उसके पास उसके दोस्त कंसाला निवासी दीपक का फोन आया कि बस स्टैंड के पास वह एक दुकान में बैठा है। जब उसने वहां आने के लिए कहा तो वह वहां पर पहुंच गया। जब वह वहां पहुंचा तो उसके दोस्त की साहिल नामक नामक युवक से कहा सुनी हो रही थी। वह बीच बचाव करके अपने दोस्त को दुकान से बाहर ले आया। साहिल ने अपने 8 - 10 दोस्तों को वहां पर बुला लिया। उसके दोस्तों ने आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस झगड़े में उसे व उसके दोस्त को काफी चोंट आई है। घायल अवस्था में उन्हें सरकारी अस्पताल ले लाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें इलाज के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

## पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**सोनीपत।** पुलिस विभाग की तरफ से रविवार को स्पेशल आप्रेशन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नए छह मुकदमें दर्ज कर अलग-अलग मामलों में शामिल 15 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक पांच हजार रुपये का ईनामी भी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन के निर्देश पर विशेष अभियान ऑपरेशन चलाया गया। अभियान के तहत सभी सहायक पुलिस आयुक्तों के साथ कुल 79 पुलिस टीमों में नियुक्त 434 जवानों ने अथक प्रयास करते हुए विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 15 आरोपितों को धर दबोचा और अपराधियों में हड़कंप मचा दिया है। जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग-अलग मामलों में उपलब्धि हासिल की है। जिला सोनीपत पुलिस ने चलाए गए विशेष ऑपरेशन के तहत तीन बैलजमपरों को भी गिरफ्तार किया गया व शस्त्र अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज करके 01 देसी पिस्तौल व एक जिन्दा रौंद बरामद किया है। इस अभियान के दौरान वर्ष 2023 में थाना शहर सोनीपत में दर्ज एक जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त पांच हजार रुपए के ईनामी विकास उर्फ विकासा निवासी घड़वाल थाना बरोदा जिला सोनीपत क्राइम यूनिट सेक्टर 03 सोनीपत की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## कर्मचारी से मोबाइल छीनने के आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बहालगढ़-खेवड़ा रोड पर निजी कंपनी के तकनीशियन से मोबाइल छीनने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित उत्तर प्रदेश के जिला आगरा के गांव नगला गंगाराम निवासी पंकज है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

गांव बसौदी निवासी गजे सिंह उर्फ अक्षय ने 18 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह हुंडई कंपनी बहालगढ़ में तकनीशियन के पद पर नियुक्त हैं। वह शुक्रवार रात को फरीदाबाद में ट्रेनिंग लेकर बहालगढ़ आए थे। यहां से रात करीब सवा दस बजे बहालगढ़ से खेवड़ा रोड होते हुए पैदल अपने घर जा रहे थे। जब वह बहालगढ़ से निकले तो तो इसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार होकर आए दो युवक उनका मोबाइल छीन ले गए थे। उनमें एक युवक ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। उनकी बाइक पर यूपी नंबर की प्लेट लगी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में एएसआई मंजीत की टीम ने खेवड़ा रोड स्थित निजी स्कूल के पास से आरोपित पंकज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। जिससे उसके साथी का पता लगाने के साथ ही मोबाइल बरामद किया जा सके। पुलिस ने मोबाइल छीनने में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर लिया है।



- अदालत ने आरोपितों को दो दिन के रिमांड पर भेजा

## छात्रों ने मतदाता के लिए किया जागरूक



**सोनीपत।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी पवन के मार्गदर्शन में सबसे पहले महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने जिला प्रशासन द्वारा दिए गए आमंत्रण को लेकर लोगों से मतदान के लिये आग्रह किया।

## शेखपुरा के राजकीय स्कूल से 15 बैट्री और पंखे चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

- प्रधानाचार्य की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की शुरू
- कंप्यूटर लैब का ताला तोड़कर वारदात

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेखपुरा में कंप्यूटर लैब का ताला तोड़कर अज्ञात चोर एसएमएफ की 15 बैटरी व 2 पंखे चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना स्कूल में कार्यरत सेवादार ने प्रधानाचार्य को दी । प्रधानाचार्य ने गन्नौर थाना पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया। पुलिस को दी शिकायत में प्रधानाचार्य ने बताया 16 में को स्कूल में कार्यरत सेवादार ने बताया कि उन्होंने स्कूल में आकर देखा तो वे जब स्कूल में आए तो कंप्यूटर लैब का ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि एसएम एफ की 15 बैटरी व दो पंखे चोरी हो गए हैं। चोरी की शिकायत स्कूल के प्रधानाचार्य ने गन्नौर थाना पुलिस को देने के साथ खंड शिक्षा अधिकारी को भी दी। शिकायत के बाद पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कर्मचारी यूनियनों ने की बैठक, मांगों को लेकर नारेबाजी

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले मंच से संबंधित विभिन्न यूनियनों के राज्य व जिला स्तरीय नेताओं और कर्मचारियों ने हुडा कांपलेक्स सेक्टर 15 में सुबह के समय सामुहिक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मंच के प्रदेश महासचिव आरके नागर ने की, सभा का संचालन ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान मुकेश शर्मा, जिला प्रधान मीना सैनी ने किया। सभा में सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया गया और नारेबाजी की गई।



अनदेखी का आरोप लगाया : कर्मचारी नेताओं ने अपनी मांगों पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से फैसला लिया है कि संसदीय चुनाव लड़ रही पार्टियों से पूछा जाए कि कर्मचारियों की लंबित मांगों को लागू करने के बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करें। इस मौके पर विजेंद्र कुमार शर्मा, मीना सैनी, वीना मलिक, बबीता बौद्ध, सीमा, संतोष सैनी, महावीर नागर, टीनू मदान, ध्रुव कुमार, पुष्कर नागर, सुरेश रोहिल्ला, सुनील, मुकेश, यशवंत राव चौहान, जयकृष्ण स्वामी, प्रताप रंगा, करतार बौद्ध, विजेंद्र रिवाल आदि मौजूद रहे।

## बांध प्रबंधन की तैयारी में जुटे अधिकारी, बेगा मिमारपुर व दहिसरा घाट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने रविवार सुबह बाढ़ प्रबंधों का जायजा लेने के लिए यमुना नदी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोनीपत जिला की 41.74 किलोमीटर यमुना के सीमा क्षेत्र में आने वाले सभी 07 घाटों की समय-समय पर जांच करें ताकि बरसाती समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अगर किसी घाट पर कहीं मिट्टी का कटाव दिखाई देता है तो वहां तुरंत स्टड का निर्माण करवाएं।

- उपायुक्त ने नई ठोकरों के निर्माण और पुरानी ठोकरों की मरम्मत पर विस्तार से चर्चा की

### बहाव से छेड़छाड़ करने पर कड़ी कार्रवाई करेंगे

इसके अलावा उन्होंने चेतावनी दी कि यमुना के बहाव से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



सोनीपत। यमुना का दौरा करने पहुंचे अधिकारीगण।

गन्नौर खंड के अंतर्गत बेगा घाट से गांव दहिसरा की सीमा तक का यमुना नदी का क्षेत्र सोनीपत जिला में आता है, जिसकी लंबाई करीब 41.74 किलोमीटर है। इस क्षेत्र का निरीक्षण करने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ मनोज कुमार संबंधित अधिकारियों के साथ बेगा घाट पर पहुंचे। उन्होंने यमुना के बहाव और कटाव को मौके पर ही समझते हुए नई ठोकरों के निर्माण और पुरानी ठोकरों की मरम्मत पर विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त ने दौरे के दौरान बेगा, मिमारपुर, मेहन्दीपुर, बड़ौली घाट व दहिसरा घाट सहित सभी घाटों की गहनता से जांच की। दौरे के दौरान बाढ नियंत्रण कार्यों के लिए उन्होंने गांवों के लोगों से भी बातचीत की। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, एसडीएम गन्नौर, डीआरओ सोनीपत हरिओम अत्री, तहसीलदार सोनीपत जिवेंद्र मलिक सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को हटा रहे हाइड्रा क्रेन से टकराकर ट्रक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर गांव राई के सामने फ्लाईओवर पर दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो गाड़ी को हटा रहे हाइड्रा क्रेन से टकराकर ट्रक चालक हादसा का शिकार हो गया। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। हाइड्रा चालक ने रोड पर कोई संकेतक तक नहीं लगाया था। जिसके चलते ट्रक हाईवे पर टेढ़ा खड़े हाइड्रा से टकरा गया। चालक के बेटे के बयान पर पुलिस ने हाइड्रा चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

विकास नगर मुरथल रोड निवासी राहुल ने बताया कि उसका पिता संजय ट्रक चलता था। वह कुंडली से ट्रक लेकर सोनीपत के लिए चले था। जब वह नेशनल हाईवे-44 पर राई फ्लाईओवर के ऊपर पहुंचे तो वहां एक दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो गाड़ी को हाइड्रा क्रेन से हटाया जा रहा था। सड़क पर कोई संकेतक या अवरोधक नहीं लगाया गया था। साथ ही हाइड्रा टेढ़ा खड़ा किया गया था। जिसके चलते ट्रक की सीधी टक्कर हाइड्रा से हो गई। हादसे में उनके पिता संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको राहगीरों ने नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राहुल की शिकायत पर राई थाना पुलिस ने हाइड्रा चालक उत्तर प्रदेश के शहजादपुर स्थित रायपुर निवासी चेतन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों का सुपुर्द कर दिया।




- पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की शुरू
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

### आरोपित पर विभिन्न धाराओं के तहत केस

सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए ट्रक चालक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। हाइड्रा चालक की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।
एसआई नरेश कुमार, जांच अधिकारी।

### सड़क पर लगा जाम

हादसे के बाद राई के सामने दिल्ली-पानीपत लेन पर जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने मशक्कत के बाद वाहनों को निकाला। इस दौरान वाहनों को संपर्क मार्ग से गुजारा गया। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर जाम की स्थिति को सामान्य किया गया।

# साहित्य

*सुख तो धर्माचरण से मिलता है, अन्यथा संसार तो दुःखमय है ही! संसार के कर्मों को धार्मिकता के साथ करने में सुख की ही संभावना है।*

**- जयशंकर प्रसाद**



*हरपाल का यह सपना.. सपना ही रह गया कि अंत समय में उसके चारों बेटे उसे घेर कर खड़े होंगे, लेकिन सिर्फ कृष्णा उनके पास खड़ा था। अब वह भगवान से प्रार्थना कर रहे थे कि हे भगवान हर एक माता-पिता को एक कृष्णा जैसी संतान जरूर देना।*



## कृष्णा

**कहानी** | **रेखा शाह आरबी**



हरपाल चौधरी एक संपन्न किसान था। खूब संपन्न खेती और गृहस्थी थी। पचास बीघा खेत और गांव के बीचों-बीच बड़ा सा मकान और और दरवाजे पर चार दुधारू पशु उसके ऊपर ईश्वर की बहुत ही अनुकंपा थी और उसके लंबे चौड़े मकान के आंगन में खेलते उसके चार बेटे उसके मन की शक्ति थे। जब भी अपने चारों बेटों को आंगन में खेलता हुआ देखता तो यही सोचता -मुझे किस बात की फिक्र है, जिस दिन मेरे चारों बेटे जवान हो जाएंगे उस दिन मुझसे ज्यादा संपन्न और कौन होगा लोग अपने बुढ़ापे से डरते होंगे मेरे तो चारों बेटे मुझे चारों ओर से घेर कर रखेंगे वह यह सब सोच कर प्रफुल्लित हो उठता था।

ये तो एक इंसान की सोच है, लेकिन ऊपर वाले ने किसके लिए क्या सोच कर रखा है कोई भी नहीं जान पाता है। किस सुख के पीछे दुख की गठरी छुपा कर रखी है और किस दुख के पीछे खुशी का खजाना छुपा कर रखा है यह सिर्फ ईश्वर ही समझ सकता है। आम इंसान कभी नहीं जान सकता है, लेकिन फिर भी हम सब कयास लगाने से नही चूकते हैं।

उसके गांव जगतपुर में यह बात प्रसिद्ध थी कि हरपाल से संपन्न किसान चार जवार में नहीं है। उसके घर लक्ष्मी और सरस्वती दोनों की कृपा एक साथ अपनी अनुकंपा बरसाती हैं। उसने खूब सपने सजाए थे अपने बेटों के लिए कि किसी को डॉक्टर तो किसी को इंजीनियर बनाऊंगा। समय अपनी गति समय से बढ़ता रहा और बच्चे भी बड़े होते रहे। अपनी तरफ से चारों बच्चों रोहन, मोहन, सोहन, कृष्णा को पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रुपये पैसे की कोई कमी नहीं थी। सब पढ़ने में होशियार थे, इसीलिए आगे बढ़ते चले गए। लेकिन सबसे छोटा कृष्णा पढ़ने के मामले में मंदबुद्धि निकला। गांव के स्कूल से शहर के स्कूल पढ़ने नहीं जा सका। खेती गृहस्थी तो संभाल लेता था, लेकिन पढ़ाई के मामले में वह आगे नहीं बढ़ सका। हरपाल कृष्णा को देखकर बहुत ही चिंतित रहा करता था। पिता होने के नाते उसकी चिंता जायज भी थी।

वह चाहता था कि उसके और बच्चों की तरह.. कृष्णा भी पढ़ लिखकर एक बड़ा आदमी बने, लेकिन ऐसा संभव न हो सका। ईश्वर ने उसकी किस्मत में कुछ और लिखा था। एक बार हरपाल के गांव जगतपुर में एक बड़े ही पहुंचे हुए महात्मा जी मंदिर पर प्रवचन देने के लिए आए थे। तो वह उनके आगे अपना दुखड़ा रोने लगा- 'बाबा मेरे तीनों बेटे तो बहुत होशियार हैं पढ़ने लिखने में सब चीज में, लेकिन मेरा छोटा बेटा कृष्णा वह पढ़ाई के मामले में मंदबुद्धि और एकदम सीधा-साधा है मुझे समझ नहीं आता है मेरे बाद उसका गुजर बसर कैसे होगा?'

महात्मा जी के चेहरे पर बहुत तेज था वह बोले- 'बेटा ईश्वर ने सबको जन्म दिया है और उसी ने सबका भाग्य भी लिखा है। यहां धरती पर चींटी का भी गुजर हो जाता है और शेर का भी गुजर हो जाता है। तुम अपने जिस बेटे के कारण घुले जा रहे हो सकता है भगवान ने कुछ अलग और अच्छा ही सोच रखा होगा, इसीलिए व्यर्थ की चिंता ना करो। सब ईश्वर के ऊपर छोड़ दो। बस कर्म अच्छे करते रहो फल देने वाला तो ऊपर बैठा है और वह किसी के साथ अन्याय नहीं करता है।'

बाबा जी की बात सुनकर हरपाल को संतुष्टि तो नहीं हुई, लेकिन फिर ईश्वर के ऊपर छोड़कर वह अपनी दुनियादारी में व्यस्त हो गया। समय बदलते और बीतते देर नही लगती है। बच्चे बड़े हो गए वह बच्चो के खुद बाप बन गए। घर की खेती बाड़ी विस्तृत थी और हाथ बटाने वाला कृष्णा के अलावा कोई न था। तीनों बेटे तो जैसे लगता था शहर के ही होकर रह गए।

गांव की धूल मिट्टी अब उन्हें रास नहीं आती थी। शुरू-शुरू में तो छुट्टियों में आते भी रहे, लेकिन अब तो धीरे-धीरे आना एकदम बंद कर दिए साल में एकाध बार ही आते थे। जब तक शरीर में हरपाल के जान रही तब तक तो वह शहर में जाकर नाती पोतों से मिल आता था। लेकिन अब 4 महीने हो चुके थे उसे अस्वस्थ रहते हुए, लेकिन ना बेटे शहर से देखने आए और ना ही वह पोतों को देखने शहर ही जा सका। इधर दिन पर दिन स्वास्थ्य गिरता ही जा रहा था।

कुछ उम्र का असर कुछ बीमारियों का असर पूर्ण रुपये से शरीर पर था। एक दिन कृष्णा को बुलाकर कृष्णा से बोला- 'कृष्णा शहर में अपने सभी भाइयों को फोन कर दे। वह सभी आकर मुझसे मिल ले क्या पता कब आंख मुंद जाए और मुलाकात भी ना हो। हरपाल चौधरी बेहद कमजोर आवाज में बोला।' ठीक है बाबूजी मैं अभी फोन लगाता हूं कह कर कृष्णा हरपाल के पलंग के बगल में रखे फोन से अपने भाइयों को फोन लगाने लगा।

'हेलो भैया..आप बच्चे भाभी के साथ गांव आ जाइए। यहां पर बाबूजी की तबीयत बहुत खराब है। कुछ भी हो सकता है, इसलिए आप लोग आकर मिल जाइए और साथ ही मोहन, सोहन भैया को भी खबर कर दीजिएगा।' कृष्णा के बड़े भैया रोहन ने कुछ बातचीत और ताकीद के साथ फोन रख दिया।

इधर हरपाल चौधरी रोज दिन अपने बेटे और नाती पोते के लिए इंतजार करते, लेकिन शहर से ना किसी को आना था ना आया। आखिर एक दिन इंतजार करते-करते हरपाल चौधरी को अब समझ में आ चुका था.. उनके बेटों के लिए उनके जीवन का कोई मोल मूल्य नहीं है। शायद वह कुछ ज्यादा समझदार है। हरपाल चौधरी को साधु बाबा की बातें भी याद आ रही थी कि ईश्वर जो करता है अच्छा ही करता है। वह भी अब सोचते हैं कि अगर कृष्णा अपने तीनों भाइयों के जैसा होता तो क्या होता। अच्छा ही रहा कि थोड़ा मंदबुद्धि है कम से कम उसके अंदर रिश्ते नाते और इंसानियत तो जिंदा है।

अब वह साफ-साफ साधु बाबा के बातों का मंतव्य समझ चुका था.. और अब उसे कृष्णा के भविष्य की जरा भी चिंता नहीं थी क्योंकि वह समझ चुका था कृष्णा भले ही धन से बहुत ज्यादा अमीर ना बने, लेकिन इंसान के रूप में वह बहुत अच्छा इंसान भगवान ने बनाया है।

हरपाल का यह सपना.. सपना ही रह गया की अंत समय में उसके चारों बेटे उसे घेर कर खड़े होंगे। घेर कर तो खड़ा था लेकिन सिर्फ कृष्णा उनके पास खड़ा था। अब वह भगवान से प्रार्थना कर रहे थे कि हे भगवान हर एक माता-पिता को एक कृष्णा जैसी संतान जरूर देना ताकि दुनिया में रिश्ते नाते प्रेमभाव और इंसानियत जिंदा रहे।

*(लेखिका वरिष्ठ साहित्यकार हैं)*

## आंगन में चारपाई

**कहानी** | **मधु वशिष्ठ**



आज लगभग बाबू जी की मृत्यु के 8 साल बाद हम सारे भाई बहन गांव की हवेली में इकट्ठे हुए। आज 2:00 बजे पड़ोस के ताऊ जी के बेटे को हम सब ने हवेली के कागजात पर साइन करने का वादा किया था। हम सब बहुत समय बाद अपनी पुरानी हवेली में इकट्ठे हुए थे। घर की हर चीज पुरानी यादें दिला रही थी। हालांकि हम सबके चेहरों पर झुर्रियां स्पष्ट थी। हम सब लगभग बुढ़ा चुके थे लेकिन हवेली में आते ही मानो हमारा बचपना लौट आया हो। हम सब भूल चुके थे कि हम जीवन के रास्ते पर इतने आगे बढ़ चुके हैं कि अब दादी और नानी का भी किरदार निभा रहे हैं, लेकिन हवेली में हम सातों भाई बहन फिर वैसे ही हो गए थे जैसे कि माता-पिता की छत्रछाया में होते थे। छोटी दीदी चिल्लाती हुई बोली, आम के पेड़ को देखो कितना बड़ा हो गया है ना और कितनी सारी अंबिया लग रही है। हालांकि अंदर बहुत धूल मिट्टी जमी हुई थी फिर भी चुटकी और मंझले भैया यूं ही पूरे हवेली में घूम-घूम कर देख रहे थे। बचपन की ही बातें करते हुए मानो हम सब अपने बचपन को दोबारा से जी रहे थे।

घर की चाबी बड़े भैया के पास रहती थी। पूरे घर में खरपतवार उगी हुई थी। शायद बड़े भैया भी बाबू जी की मृत्यु के बाद पहली बार ही हवेली में आए थे। उन्होंने अंदर जाकर सारी चारपाइयां और पलंग हमने सबके बैठने के लिए निकाले। चारपाइयों पर अब भी बेहद धूल जमी हुई थी और लगभग हर चारपाई झूला सी बन चुकी थी। उनमें से भी एक टूटी हुई खटोले जैसी चारपाई को देखकर मंझला भैया बड़ी दीदी से बोला यही तेरा सिंहासन है ना जिस पर कि तू मुझे बैठने भी नहीं देती थी। हम सब भाई बहन हंस पड़े और सब पुरानी यादों में ही खोए हुए थे। तभी ताऊ जी का बेटा घर के सारे कागजात तैयार कर के ले आया था। दीदी के आंखों की कोरों में तो आंसू भी स्पष्ट थे। आज के बाद इस घर से हमारा सबका नाता ही टूट जाएगा। आज तक हम सब खुद का परिचय दिल्ली के इस गांव के नाम से देते हैं अब---? भाई साहब इधर साइन कर दो, ताऊ जी के बेटे की इस आवाज से हम सब की तंद्रा टूटी। भाई साहब ने पेन हाथ में लिया, हम सब की ओर देखा और फिर बोले, मैं इस घर को बेचना नहीं चाहता। हम सब ने भाई साहब की और प्रश्नसूचक दृष्टि से देखा। तभी ताऊ जी के बेटे ने हैरान होकर कहा तो फिर? भाई साहब आप बाहर पता कर लो इससे ज्यादा पैसे गांव में और कोई नहीं दे पाएगा। मैं तो सिर्फ इसलिए इस घर को लेना चाहता हूं क्योंकि मेरे दोनों बेटे जिसमें से कि एक तो डॉक्टर है वह यहां पर अपनी क्लिनिक चला लेगा और दूसरा बेटा जो कि अपनी कोचिंग क्लासेस लेता है वह भी इसी हवेली में ही बच्चों को पढ़ा लेगा। मेरे तो यह घर साथ में लगा हुआ है, इसलिए ही तो मैं इसे खरीदना चाहता हूं और --? तभी भाई साहब बोले, मैंने यह कब कहा कि मैं तुझे घर नहीं दूंगा। मैं तो सिर्फ इतना ही चाहता हूं कि इस घर में आप लोग आराम से कोचिंग भी चलाओ और क्लीनिक भी बनाओ। निखिल भाई इस घर में हमारे माता-पिता की मूर्ति लगेगी और उनके नाम से ही कोचिंग और क्लीनिक भी चलेगी। आप तो बस हमें सिर्फ इतना वचन दो कि पूरे दिन में एक घंटा उनके नाम से आप गरीबों को मुफ्त दवाई देंगे और उनको पढ़ाई भी करवाएंगे। यदि आपको ऐसा करने के लिए कुछ पैसों की भी आवश्यकता हुई तो मैं वह भी दे दूंगा, लेकिन इस घर में हमारा नाम और हम सब की पहचान हमेशा बनी रहनी चाहिए। हमारे बच्चों को और सबको अपने गांव का पता हमेशा याद रहना चाहिए। यह हवेली नहीं हम सब का तीर्थ स्थल है। हमारे बच्चों को भी पता होना चाहिए कि उनके माता-पिता कहां रहते थे। आज हम सब को यहां आकर बहुत अच्छा लगा है।' भैया ने ताऊजी के बेटे से कहा निखिल भाई यह जो चारपाई खटोला बन चुकी है इसे फिर से बनवाकर आंगन में ही डलवा देना। ऐसा बोलकर भाई साहब ने हम सब की ओर देखा। उनके इस सुझाव पर हम सब ने मौन स्वीकृति दे दी थी और आज का दिन हमारे लिए बहुत खास था। ऐसा महसूस हो रहा था मानो अम्मा बाबूजी हमारे बीच में ही बैठे हैं।

*(लेखिका वरिष्ठ साहित्यकार हैं)*

## दौर बदलेगा

**ग़ज़ल** | **श्रीभगवान बव्वा**



दौर बदलेगा फिजाएँ भी सुहानी शाम देंगी,
राह पर बढ़ते रहो तुम, मंजिलें आराम देंगी।

है नहीं मुश्किल डगर यह हौसले से काम ले लो,
हिम्मतें ही कह रहे सब, साँसों का ईनाम देंगी।

आपकी उलझी लटों का है समय कुछ कीजिएगा,
उलझनें अब भी बढ़ी तो जिन्दगी को थाम देंगी।

महफ़िलें में है जरूरी आना-जाना छोड़ दो तुम,
होश उड़ जायेंगे तेरे, महफ़िलें वो जाम देंगी।

है जहाँ भी तू ठहर जा, जीतना जो चाहता है,
कोशिशें हम सब करेंगे, तो बड़ा अंजाम देंगी।

## सुलह

**लघुकथा** | **संध्या प्रकाश**



रोज-रोज के झगड़े अब मैं बर्दाश्त नहीं कर सकती। तुम्हारे जैसे गुस्सैल आदमी के साथ मुझे निकाह के लिए अपनी रज़ामंदी नहीं देनी चाहिए थी तल्ख़ आवाज़ में शबीना बोली। 'फिर यहाँ क्यों बैठी हो। चली क्यों नहीं जाती।' शमशेर ने भी गरजते हुए जवाब दिया। तैश में शबीना ने कुछ सामान और कपड़े झोले में भरे और रोते हुए बोली 'मुझे मेरे अब्बू-अम्मी के घर पहुँचा दो। मुझे तुम्हारे जैसे शौहर के साथ एक पल भी इस दोज़ख में नहीं रहना है।' शमशेर ने भी दनदनाते हुए दरवाज़े पर खड़े अपने साइकिल-रिक्शा को निकाला और गुस्से में बोला, 'मेरे ऊपर तेरा ये रौब नहीं चलेगा। रिक्शा में बैठो... आज तुझे तेरे नैहर छोड़ आता हूँ।' बाहर गर्म लू चल रही थी। पारा 40 डिग्री के पार था। पसीने और गर्मी से शबीना का बुरा हाल था। उसने शमशेर की तरफ़ देखा। शमशेर अपनी धुन में रिक्शा चलाए जा रहा था। उसका शरीर पसीने से लथपथ था। शबीना को अपने बर्ताव पर अफ़सोस हुआ। उसने झोले में से छतरी निकाली और शमशेर के सिर पर तान दी। शबीना के इस रूप को देख शमशेर बोला 'शबीना, मुझे माफ कर दे। अब मैं तुझ पर गुस्सा नहीं किया करूँगा। तू भी मुझसे प्यार से बात किया कर।' शबीना हौले से मुस्कुरा दी। शमशेर ने रिक्शा घर की तरफ मोड़ दिया।

## होने लागीं रैलियाँ

**कुण्डलिया छंद** | **डॉ. राजेन्द्र कुमार अवस्थी**



होने लागीं रैलियाँ, बड़ी-बड़ी अब आम।
आती रही चुनाव में, रैली सबके काम॥

रैली सबके काम, काम ये चोखा करतीं।
हरियाणे में नित्य, जोश जनता में भरतीं॥

देना वोट जरूर, चले मत जाना सोने।
दिवस मई पच्चीस, चुनाव यहाँ पर होने॥

रैली में दिखला रहे, नेता अपना जोर।
विविध चुनावी रूप में, मचा हुआ अब शोर॥

मचा हुआ अब शोर, वोट की महिमा न्यारी।
जता रही है भीड़, कौन का पल्ला भारी॥
देना उसको वोट, बने जो देश रचेता।
प्रगति देश में खास, माइने रखता नेता॥

## दूसरा पहलू

**लघुकथा** | **राकेश कुमार सपड़ा**



उसका बायां बाजू पेट के साथ चिपका हुआ था और वो मुश्किल से स्टिक के सहारे से लड़खड़ाते हुए चल कर आया था। जैसे ही वो शहर के जाने माने वकील मनोज अवस्थी के दफ्तर में उनके सामने कुर्सी पर आ कर बैठा तो पुरानी सारी यादें चलचित्र की भांति उनके विचार पटल से होकर गुजरी थी। वो और कोई नहीं विनीत था जो एक समय उनके पास जूनियर रह कर वकालत सीखा था। कुछ ही समय मे वो उनका चहेता और परिवार के सदस्य जैसा बन गया था। बेहद कुशल और पेशे के प्रति समर्पित। थोड़े ही समय मे वो वकालत के गुर सीख गया था। ये मनोज अवस्थी ही थे जिन्होंने उसकी शादी अपने पहचान वाले हरिशंकर की बेटी पायल से करवाई थी। पायल भी बहुत सुशील थी। दोनों की जोड़ी बेहद खूबसूरत थी। बाद मे विनीत ने अपने शहर मे जाकर वकालत शुरू करने की इजाजत मांगी थी और अवस्थी जी ने भी उसे खुशी-खुशी शुभकामनाएँ दे कर विदा किया था। विनीत ने अपनी लगन व मेहनत से चंद वर्षों में वकालत में अच्छा नाम कर लिया था, जिसकी खबर उनको मिलती रहती थी। विनीत को इस हालत में देखकर अनायास ही उनकी जुबान से निकला 'ऐसा कैसे? तुम तो अच्छा कर रहे थे?' 'डेस्टिनी को शायद यही मंजूर था सर मेरा वकालत का सफर यही तक था। मुझे पैरालैटिक अटैक हुआ तथा बायें हिस्से ने काम करना बंद कर दिया। वकालत छूट गई सर। कई महीने बिस्तर पर ही गुजरे हैं। ये तो भला हो फ़िज़ियोथेरेपिस्ट का जिसकी वजह से स्टिक के सहारे अब कुछ चल पाता हूँ।' विनीत ने लड़खड़ाती जुबान से जवाब दिया था। 'पायल नहीं आई तुम्हारे साथ।' उन्होंने पूछा था। 'नहीं सर वो तो नहीं आई किन्तु उसकी वजह से मैं आपके पास आया हूँ।' ये कह कर विनीत ने कुछ पेपर आगे कर दिए थे। वो पायल द्वारा भेजा गया कानूनी नोटिस था, जिसमें उसने विनीत से तलाक लेने की माँग की थी। पढ़ कर अवस्थी जी के चेहरे पर परेशानी के भाव उभर आये थे।' सर मैंने भी अब ये फैसला लिया है कि पायल को तलाक दे दूं मेरे पास अब उसे देने को कुछ नहीं है और मैं उस पर बोझ बनकर नहीं जीना चाहता हूँ। पिता जी तो नहीं रहे माँ के साथ रहकर ही जैसे- तैसे गुजारा कर लूँगा। मुझे भी अब उसकी जरूरत नहीं है। आप पायल को बुलाकर मेरे इस फ़ैसले बारे बता दें। हम आपसी रजामंदी से तलाक ले लेंगे आपकी कृपा होगी।' विनीत ये कह कर चला आया था। पायल अवस्थी जी के सामने बैठी थी। उन्होंने ही उसे बुला भेजा था। अवस्थी जी ने सारी बात उसके समक्ष रखते हुए कहा 'मुझे तुमसे कदापि ये उम्मीद नहीं थी।' पायल के चेहरे पर हल्की सी मुस्कान उभर आई थी। 'आप भी मुझे विनीत की तरह समझ नहीं पाए सर। मैं विनीत को पल-पल निराशा के साथ जीते देखना नहीं चाहती थी। वो बिस्तर पर पड़ा रहकर जिंदगी को कोसता रहता था। किसी इलाज का कोई असर उस पर नहीं हो रहा था। वो इस कदर अवसाद में जा रहा था कि उसे ये शॉक देना जरूरी था।मैं उसको छोड़ कर भले ही आ गई थी, किन्तु मेरा प्यार उसके प्रति कभी कम नहीं हुआ। मैं हमेशा उस फ़िज़ियोथेरेपिस्ट के सम्पर्क में रही हूँ जो उसका ट्रीटमेंट कर रहा है। नोटिस भी इसलिए भेजा था कि वो जिंदगी के प्रति अपनी निराशा की सोच से निकल कर फिर से उठ खड़ा हो। आज मुझे लगता हैं कि मैं अपने मकसद में कामयाब रही हूँ। जल्द ही वापस लौट जाऊँगी सर।' अवस्थी जी के चेहरे पर भी संतोष के भाव थे। बरबस ही उनका हाथ पायल के सिर पर आशीर्वाद के लिए उठ आया था। सिक्के का ये दूसरा पहलू उनकी सोच से परे निकला था।

**श्रेष्ठ साहित्य के सृजन के लिए आपको अधिक से अधिक अध्ययन करना पड़ेगा, तभी आप एक कालजयी साहित्यकार बन सकते हैं। वरिष्ठ साहित्यकारों का भी दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को आगे रखें, नवांकुरों को अपने सहयोग का जल सिंचन करें.. ताकि वे पल्लवित पुष्पित हो सके। युवा रचनाकारों को मंच देकर, पत्रिकाओं में उनकी रचनाओं को स्थान देकर और उन्हें प्रोत्साहित करके, सम्मानित करके, श्रेष्ठ साहित्य को बढ़ावा दिया जा सकता है।**

## साहित्य सृजन के अभाव में जीवन में शुष्कता आती: डॉ. चंद्रदत्त शर्मा

**साक्षात्कार** | **शशि कांत चौहान**

साहित्य केवल चित्रण नहीं करता ,वर्णन ही नहीं करता, बल्कि समाज कैसा होना चाहिए इस बात पर ध्यान देता है और दिलाता है। इस कारण अगर साहित्य का सृजन नहीं हो पाता या युवा वर्ग उसमें रुचि नहीं ले पाता तो यह समाज से नैतिकता के पतन का कारण बन सकता है। साहित्य सृजन के अभाव में समाज व जीवन में शुष्कता आ सकती है। यह कहना है कवि डॉ. चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि का।

मडॉ. चंद्रदत्त शर्मा को साहित्यिक संस्कार विरासत में मिले हैं। उनके दादाजी माया चंद हरियाणवी वाद्य घड़वा बजाते थे। पिताजी बैंजो, हरमोनियम और सामाजिक और भक्तिपूर्ण मधुर भजन गाते रहे हैं। इसके अतिरिक्त दादा रतिराम मास्टर तो भजनी जगदीशचंद्र वत्स आंचरा के गुरु रहे हैं। चंद्रदत्त भी कक्षा 5वीं से कुछ जोड़-तोड़ करने लगे थे। उन्होंने मैथिलीशरण गुप्त की मातृभूमि कविता को हरियाणवी में अनुवाद कर गाया था। आठवीं कक्षा में निबंध लेखन में विद्यालय में प्रथम रहे। 11वीं (1991) में ठीक से कविता लिखने लगे थे। रुचि उतनी थी कि एमए की परीक्षा के समय में रातभर कविता लिखते रहे और उस वर्ष उन्होंने 300 कविताएं लिखी।

उनकी प्रथम कविता 'गौरव गाथा' 1993 में गौड़ कालेज की पत्रिका में भेजी गई थी, इसके अतिरिक्त कई रचनाएं सांध्य दैनिक में छपती रहीं। शुरूआत में वे परिवार वालों से छिपकर लिखते थे। जब घरवालों को पता चला, वे इस कला के विरुद्ध थे, परंतु पिताजी ने उनकी 2 पुस्तकें (भारतभूमि, भारतेंदु काव्य) छपवाई थी। प्रारंभ में चंद्रदत्त शर्मा ने अपनी भैंस पर कविता लिखी, फिर पूरे गांव पर, गांव के अविवाहितों पर रागनी लिखी। तालाब पर बैठकर कविताएं सुनाता था, तब उनकी भैंस भी गुम हो जाती थी। वर्ष 1998 में जब वे एम. ए. हिंदी में थे, राष्ट्रीय वीररस कवि सम्मेलन एमडीयू में था.. जिसमें राजकवि उदयभानु हंस और हरिओम पंवार थे। 'घायल हैं सब' कविता प्रस्तुत की थी। डॉक्टर पूर्णचंद शर्मा और प्रो. नरेश मिश्र ने कला के निखार में बहुत सहयोग किया। बाद में डॉक्टर मधुकांत जी ने भी पूर्ण सहयोग किया। रचनाएं छपने में और मंच न मिलने की पीड़ा ने आहत भी किया। एक गोष्ठी में गए, पर सुनाने का मौका नहीं दिया गया। जिस कारण प्रतिकार स्वरूप और नए साहित्यकारों के लिए भी (शैली साहित्यिक मंच) रजिस्टर कराया। साहित्य सोम त्रैमासिक निःशुल्क पत्रिका प्रारंभ की। उनके लेखन का फोकस सामाजिक विषमता ही रहा है। हास्य कविताओं में भी कहीं ना कहीं व्यंग्य ही निहित होता है। उनकी कला के विविध क्षेत्र रहे हैं, जैसेः हरियाणवी भजन, हरियाणवी कविता, हास्य कविता, हास्य व्यंग्य निबंध, लघुकथा, कहानी, संस्मरण आदि। पत्र पत्रिकाओं के अतिरिक्त आकाशवाणी रोहतक से युवा संसार में भी 12 वर्ष तक उनकी कविताओं का पाठ होता रहा है।

उनका कहना है कि आज साहित्य लेखन के साथ-साथ पाठक वर्ग की भी समस्या रही है। पाठकों के पास समय का अभाव है, कारण चाहे कोई भी हो लेकिन इसके लिए कहीं ना कहीं साहित्यकार भी जिम्मेदार है। साहित्यकार का दायित्व है कि वह राजनीति, जाति- धर्म आदि से ऊपर उठकर ऐसे साहित्य का निर्माण करें जो सार्वभौमिक और सर्वहित में हो। आज लेखन तो बहुत हो रहा है, लेकिन उसमें गुणवत्ता और गहनता की कमी है इस कारण लेखक को गहन अध्ययन के उपरांत ही अपना लेखन कार्य प्रारंभ करना चाहिए। ऐसी बात नहीं है कि युवा वर्ग लिख नहीं रहा है ,वह लिख तो रहा है लेकिन जो लिखना चाहिए वह लिख नहीं पा रहा है, उसकी अपनी समस्याएं हैं, कहीं बेरोजगारी तो कहीं पारिवारिक समस्याएं हैं। दूसरा कारण यह है कि जो लिख रहा है ..वह उस साहित्य को जी नहीं रहा है और सस्ती लोकप्रियता में खो जाता है,जो साहित्यकार अनुभव करेगा उसकी अनुभूति गहन होगी और जिसकी अनुभूति गहन होगी उसका साहित्य नया पाठक वर्ग तैयार करेगा और पाठकों में रुचि पैदा कर सकेगा।

### प्रकाशित पुस्तकें

जहां तक पुस्तक प्रकाशन और लेखन का विषय है, डॉ. चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि अब तक कुल 45 पुस्तक लिख चुके हैं, जिनमें 13 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने कई पुस्तक का संपादन भी किया है और 35 साझा-संग्रह भी निकाले हैं। इसकेसाथ साथ उन्होंने 30 शोधपत्र भी लिखे हैं। 10 राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया है। देशभर की 70 पत्र - पत्रिकाओं से अधिक में रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। हरिगंधा, हरिभूमि, के अतिरिक्त प्रमुख पत्रों में रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा भी पुस्तक प्रकाशित कराई गई है। डॉ. चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि की कई रचनाएं विश्व रिकॉर्ड में भी संकलित की गई हैं।



डॉ. चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि

### पुरस्कार व सम्मान

जहां तक सम्मान की बात है अनेक साहित्यिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। लगभग 300 सम्मान जो राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं; सम्मानित किया गया है। जैसे : अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा साहित्य सम्राट, साहित्य भूषण, साहित्य रत्न, भागलपुर हिंदी विद्यापीठ द्वारा विद्या वाचस्पति सम्मान, शिक्षाभूषण सम्मान, विकी वर्ल्ड रिकॉर्ड, लंदन वर्ल्ड रिकॉर्ड, समाज सारथी सम्मान, हरिवंश राय बच्चन सम्मान, डॉक्टर राधकृणन सम्मान, फणीश्वरनाथ रेणु सम्मान, सुमित्रानंदन पंत स्मृति सम्मान आदि।

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** डॉ. चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि
**जन्मतिथिः** 22.04.1973
**जन्म स्थानः** ग्राम ब्राह्मणवास रोहतक हरियाणा।
**शिक्षाः** एम. ए. हिंदी, एमफिल, पीएच. डी. हिंदी, बी. एड, विद्या वाचस्पति।
**संप्रतिः** हिंदी प्राध्यापक, राजकीय वरिष्ठ मा. विद्यालय घड़वाल, सोनीपत, हरियाणा।

## मरहम का काम करती पुस्तक 'बारिश की बूँदें'

**पुस्तक समीक्षा** | **मनोरमा पंत**







निशा भास्कर

**पुस्तक :** बारिश की बूँदें
**लेखक :** निशा भास्कर
**मूल्य :** 249 रुपये
**प्रकाशक :** किताबघर

आज पूरे विश्व में बिखराव, खोखलापन, हीनता, कुंठा का भाव आता जा रहा है, ऐसे नैराश्य भरे वातावरण में निशा भास्कर की लघुकथा संग्रह 'बारिश की बूंदे' मरहम का काम करती हैं। निशा की लघुकथाएं आज के त्रस्त मानव के मानस को न केवल ठंडक पहुँचा रही हैं वरन समाज में व्याप्त विसंगतियों से लड़ने का हौंसला भी देती हैं। कुल 84 लघुकथाओं के इस गुलदस्ते के आत्मकथन में निशा भास्कर ने लघुकथा की परिभाषा, इतिहास, प्रकार, प्रयोगवादी लघुकथा लेखन पर समुचित प्रकाश डालकर एक सराहनीय कार्य किया है। 'बारिश की बूँदें' पढ़कर मुझे महसूस हुआ कि लघुकथाओं के माध्यम से हम समाज को पुनः साहित्य और संस्कृति से जोड़ सकते हैं। इस लघुकथा की पहली लघुकथा 'स्वीकार' प्रतिनिधि कहानी है। जिसमें गरीब परिवार का रोहन कुंठाग्रस्त होकर अपने आप को एक रईस बतलाता है, पर अंत में वह अपनी गलती स्वीकार कर,एक नया दृष्टिकोण अपना कर हीनता की ग्रंथि से छुटकारा पा लेता है। लघुकथा में शब्दों के संयोजन से भाषा शैली में अद्भुत सौन्दर्य पैदा करना इस लघुकथा की विशेषता है। 'कुदूस' उनकी एक अन्य सुन्दर लघुकथा है, जिसमें कुदूस नामक मुस्लिम बच्चा अपनी दादी का कंघा हिला-हिलाकर बोलता है। दादी मत रो! मेरी मैडम कहती है, अल्लाह और कान्हा दोनों ही रहमान है। दोनों अंदर से बिल्कुल एक समान है, बस नाम का फर्क है।' आज के युग में जब धर्मान्धता सिर पर चढ़कर बोली रही है। यह लघुकथा एक मरहम का काम करती है। 'क्या-क्या करूँ' बच्चों के मनोविज्ञान पर आधारित लघुकथा बालमन की दुविधा को उजागर करती हैं। 'कड़ी' नामक लघुकथा में संवेदना की पराकाष्ठा है। 'इन्द्रधनुष' भी गरीबी की त्रासदी से उपजी विडम्बना को उजागर करती सीधी सरल भाषा शैली की लघुकथा है। एक छतरी के लिए तरसते गरीब बिरजू को मजबूर माता-पिता जैसे-तैसे छतरी दिला देते हैं,तो बच्चे की खुशी से चमकती आँखें माँ को खुशी से सरोबार कर देती है। कई लघुकथाएँ उपदेशात्मक हो गई।'निपटारा' लघुकथा के शीर्षक के विषय में पुनः विचार किया जा सकता है। कुल मिलाकर इस संग्रह की प्रतिनिधि लघुकथाएं अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रही है।इन छोटी-मोटी कमियों के बावजूद 'बारिश की बूँदें' पाठकों को अवश्य पसंद आएगी, ऐसी मुझे पूर्ण आशा है।

खबर संक्षेप

## 3 मृत सफाई कर्मियों के परिजनों को मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शहर के अधिकारियों को 2017 में नाले की सफाई के दौरान मारे गए तीन सफाई कर्मचारियों के परिवारों को 30-30 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने 2023 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, अधिक अनुग्रह राशि की मांग करने वाली परिवार के सदस्यों की याचिका को स्वीकार कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने परंपरागत तरीकों से सफाई में अपनी जान गंवाने वाले पीड़ितों के आश्रितों को देय मुआवजा मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दिया था। परिजनों ने याचिका में कहा कि अगस्त 2017 में लाजपत नगर में नाले की सफाई के दौरान तीन सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई थी।

## सुकेश की याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की उस याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है, जिसमें अधिकारियों को उसे मंडोली जेल से पंजाब और दिल्ली की जेलों को छोड़कर किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की खंडपीठ ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया।

## गिरावड़ से मंगलसूत्र व 8 हजार रुपये की चोरी

**महम।** लाखनमाजरा थाना क्षेत्र के गिरावड़ गांव से चोरों ने एक मकान से सोने का एक मंगलसूत्र और 8 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। लाखन माजरा थाने में पुलिस को दी शिकायत में गिरावड़ गांव निवासी सोनिया पत्नी विनोद ने बताया कि वह और उनका परिवार रात को अपने मकान के एक कमरे में सो रहे थे। मकान के चौबारे में 8 हजार रुपए और एक मंगलसूत्र रखा हुआ था। सुबह जब वह चौबारे में पहुंची तो वहां पर रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखा मंगलसूत्र और 8 हजार रुपए गायब मिले। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मेट्रो में ठुमके लगाते लड़की का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** मेट्रो रेल में एक लड़की के ठुमके लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि वास्तव में यह वायरल वीडियो दिल्ली मेट्रो का ही है और कब, कहा का है। ताजा वायरल वीडियो में अनुमान है कि महिला कोच में एक लड़की जमकर ठुमके लगा रही है, जिसको देखकर सह यात्री महिलाएं व लड़कियां हंस रही है। डांसर लड़की ने जो ड्रेस पहन रखी है वह अश्लील श्रेणी में नजर आ रही है। सोशल मीडिया में इस वायरल वीडियो पर जमकर लोग कॉमेंट कर रहे है। लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जहां कुछ लोग इसे अश्लीलता परोसने वाला करार दे रहे है तो कुछ लोग डांस की जमकर तारीफ भी कर रहे है। कोच में नाचती लड़की एक जगह से दौड़ती हुई दूसरी तरफ डांस करती भागती दिखाई दे रही है। लड़की के कई स्टेप्स अश्लीलता भरे कहे जा सकते है।

## इलेक्ट्रिक बस में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** डीटीसी कर्मचारियों के संगठन डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक बस में आग लगने की घटना पर सवाल उठाए है। संगठन के अध्यक्ष ललित चौधरी व महामंत्री मनोज शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा कि रविवार को सुबह लगभग 11 बजे हौज खास के पास एक इलेक्ट्रिक बस में आग लग गई, यह बस बुराड़ी डिपो की थी, जिसका रूट नंबर 502 था और बस नंबर डीएल 51 ईवी 4540 था। दोनों ने कहा कि बताया जा रहा है कि इस इलेक्ट्रिक बस का वातानुकूलित (एसी) सिस्टम सही से कार्य नहीं कर रहा था। उन्होंने कहा कि बस के चालक ने इस समस्या को देखते हुए सवारियों को आईआईटी गेट के पास उतारकर एसी की समस्या को लेकर डिपो में शिकायत दी। पांच मिनट बाद ही बस में आग लग गई।

### चार शाखाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों को दिलाई शपथ

# भारत विकास परिषद् की सोनीपत शाखा ने दायित्व ग्रहण व परिवार मिलन समारोह मनाया

- कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भारत विकास परिषद् की सोनीपत शाखा, राजमार्ग शाखा, प्रबुद्धा शाखा व माधव शाखा ने शनिवार को श्री जी इंटरनेशनल स्कूल, मुरथल रोड, सोनीपत के सभागार में सांय 7.30 बजे दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के हरियाणा मध्य प्रांत के अध्यक्ष प्रवीन गुप्ता ने की तथा परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रान्त खंडेलवाल विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम से किया गया। चारों शाखाओं के दायित्व धारियों तथा सभी नए सदस्यों को प्रवीण गुप्ता व विक्रांत खंडेलवाल ने शपथ दिलाई। राजीव गुप्ता ने भारत विकास परिषद् का संक्षिप्त परिचय दिया। सोनीपत शाखा अध्यक्ष डा. आरके गुप्ता ने गत वर्ष व आगामी वर्ष की चारों शाखाओं की विभिन्न गतिविधियों से अगवत कराया। प्रवीण गुप्ता ने अपने सम्बोधन से सभी का मार्गदर्शन किया। विक्रांत खंडेलवाल ने परिषद के उद्देश्यों एवं मूल्यों के महत्व से अगवत कराया। मंच संचालन अशोक गोयंका ने किया व धन्यवाद प्रस्ताव हरिओम उपाध्याय ने दिया। नए सदस्यों व दायित्व धारियों के शारदा रैलन, सौरभ शर्मा, डा. सुधीर गर्ग, डा. रचना गुप्ता, डा. अशोक शर्मा, विवेक मित्तल, डा. नेहा गुप्ता आदि ने लेपल पिन लगाई। इस अवसर पर राजीव अग्रवाल, आशीष गुप्ता, अरूण बंसल, हिमांशू कुच्छल, उदय चौहान, मीनाक्षी गुप्ता, अंजली चौधरी आदि उपस्थिति रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण साथ में पदाधिकारी।



सोनीपत। कार्यशाला के दौरान शामिल प्रतिभागी अध्यापकगण एवं अन्य।

## क्षमता निर्माण कार्यशाला में अध्यापकों को करवाई गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम सीबीएसई द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें संजना मित्तल (उप निदेशक, अष्टावक्र इंस्टीट्यूट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंसेज एंड रिसर्च) और दीपिका सैनी (विषय विशेषज्ञ, सर्वोदय विद्यालय, रोहिणी) ने अपने अनुभवों से अध्यापकों को अनेक गतिविधियां करवाई। 18 मई से आयोजित दो दिवसीय इस कार्यशाला में अध्यापकों ने बहुत कुछ सीखा। कार्यशाला का उद्देश्य इंटरैक्टिव सत्र और गतिविधि-आधारित शिक्षा के माध्यम से शिक्षकों के बीच अंग्रेजी भाषा कौशल को बढ़ाना था। इसकी शुरुआत अनुभवात्मक सीखने और केओएलबी के सीखने के सिद्धांत पर ध्यान केंद्रित करने के साथ हुई, जिसमें ठोस अनुभव, चिंतनशील अवलोकन, अमूर्त अवधारणा और सक्रिय प्रयोग शामिल हैं। सामग्री सुसंगतता, सामंजस्य और सटीकता जैसे उपकौशलों को पढ़ने और लिखने को मजबूत करने के बाद, प्रतिभागियों को समूह गतिविधियों में शामिल किया गया। सहयोगात्मक शिक्षण पर जोर देते हुए, उत्पाद-आधारित और प्रक्रिया-आधारित दृष्टिकोणों की तुलना करना। प्राचार्या किरण दलाल ने रिसोर्स पर्सन्स का और विभिन्न विद्यालय से आए अध्यापकों का भी इस कार्यशाला में उपस्थित रहने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने रिसोर्स पर्सन्स को पौधा देकर सम्मानित किया।



गन्नौर। समाजसेविका प्रोमिला धनखड़ को स्मृति चिन्ह भेंट मंडल के अध्यक्ष संजय गौतम व पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## भागवत कथा के समापन पर हुआ हवन यज्ञ व भंडारा

- बसंत विहार में श्री बांकेबिहारी श्री जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित बसंत विहार में पुष्प वर्ल्ड स्कूल के निकट चल रही श्रीमद्भागवत कथा में हुए हवन में डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

बसंत विहार में श्री बांकेबिहारी श्री जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित बसंत विहार में पुष्प वर्ल्ड स्कूल के निकट चल रही श्रीमद्भागवत कथा का हवन यज्ञ के साथ समापन हुआ। समापन पर कथावाचक सुधाकर महाराज व मंडल के अध्यक्ष संजय गौतम, संरक्षक प्रवीन सिंघल, सचिव राजेश चौहान, कोषाध्यक्ष राजीव राय, उपाध्यक्ष प्रवेश मदान, संदीप सोनी, कमल शर्मा के अलावा कथा के शुभारंभ से पूर्व कलश यात्रा में भाग लेने वाली सैकड़ों महिलाओं ने भी आहुति डाली। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंडल के सदस्यों ने कार्यक्रम में पहुंची समाजसेविका प्रोमिला धनखड़ को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। सुधाकर महाराज ने संस्था के सदस्यों द्वारा हर साल करवाई जा रही भागवत कथा ज्ञान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में भक्ति भावना बढ़ती है। ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मानव मात्र के लोग परलोक की सुख- शांति का अद्वितीय साधन है। यह आत्म अवलोकन, आत्म जागृति व जीन मुक्ति का साधन है।

## बैंसी में महिला के साथ धोखाधड़ी, खाते से 21 हजार 758 रुपये उड़ाए

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव बैंसी की एक महिला से धोखाधड़ी कर किसी ने बैंक खाते से 21 हजार 758 रुपए निकाल लिए। महिला ने इसकी शिकायत लाखन माजरा पुलिस को दी है। बैंसी गांव निवासी सोनिया पत्नी संजय ने बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर उक्त नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि गलती से उसने आपके खाते में 20 हजार रुपए डाल दिए हैं। वे उसके पैसे वापस कर दें। महिला का कहना है कि जब उसने पेटीएम खोला तो उसके खाते से 21 हजार 758 रुपए कट गए।

# नया बांस में घर में घुसकर परिवार पर हमला, तीन को पकड़ पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

कस्बे के गांव नया बांस में जब एक परिवार शनिवार की शाम को सोने की तैयारी कर रहा था, तभी करीब तीन दर्जन युवक घर में घुस गए और परिवार पर हमला कर दिया। हंगामा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तीन युवकों को दबोच लिया। जबकि अन्य भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने महिला के बयान पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। जानकारी के अनुसार, महिला ने शिकायत में बताया कि वह और उनका परिवार शाम करीब 9:00 बजे सोने की तैयारी कर रहे थे। तभी कई गाड़ी उनके मकान के बाहर आकर रुकी। उस समय उनका पति मोहित मकान का दरवाजा बंद करने के लिए गेट के पास ही गया था। गाड़ियों से कई युवा नीचे उतरे, जिनके हाथों में हथियार व डंडे ,लाठियां थी। ऐसा देखकर मोहित अंदर की तरफ भागा और तभी सभी बदमाशों ने मकान में घुसकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आवाज लगाने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे तो बदमाश फरार हो गए। तीन युवकों को ग्रामीणों ने घेर लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। तभी पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए बदमाशों को पुलिस के हवाले कर दिया।



सांपला। मकान के बाहर एवं मकान के अंदर प्रवेश करते हुए आरोपी।

# नाना साहब पेशवा स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम शिल्पकार थे: सतबीर पौडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के मुख्य संयोजक आजाद सिंह दांगी ने रविवार को कहा कि नाना साहब 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के शिल्पकार थे। वह नाना साहब की 200वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। अध्यक्षता सतबीर पौडिया ने की। आजाद सिंह दांगी ने नाना साहब के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार नाना साहब ने कानपुर में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोहियों का नेतृत्व किया था। अंग्रेजों के नाक में दम करते हुए उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। सतबीर पौडिया ने कहा कि नाना साहब का जन्म 19 मई 1824 को महाराष्ट्र के बेजोग्राम में हुआ। नाना साहब की गिरफ्तारी के लिए तब की ब्रिटिश हुकूमत ने एक लाख रुपए का पुरस्कार घोषित किया था। नाना साहब क्रांतिकारियों के नायक थे। इस अवसर पर राजपाल कश्यप, शौकीन चहल, सतबीर, रोशन, राज कुमार, कृष्ण, मनोज अनिता, सुमित्रा, इंद्र धीमान, साहिल, राहुल आदि भी मौजूद रहे।



गोहाना। नाना साहब पेशवा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक।

# हर रोज औसतन चार लोग गवां रहे सड़क दुर्घटनाओं में जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इस साल 15 मई तक सड़क हादसों में 518 लोग अपनी जान गवां चुके हैं। इस हिसाब से 136 दिन में प्रतिदिन औसतन चार लोगों की मौत सड़क हादसों की वजह से हो गई। इनमें पैदल राहगीर, साइकिल सवार, दुपहिया वाहन से लेकर कार सवार सभी लोग शामिल हैं। ट्रैफिक पुलिस के लिए राहत की खबर बस यही है कि सड़क पर मरने वाले लोगों के इस आंकड़े में पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी गिरावट आई है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक इस साल 15 मई तक 511 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें 518 लोगों की जान गई। जबकि पिछले साल इसी समयावधि में 544 दुर्घटनाओं में 552 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस इस गिरावट को अपनी उपलब्धि के तौर पर देख रही है। ट्रैफिक पुलिस का मानना है एक सक्रिय दृष्टिकोण, यातायात उल्लंघनों के खिलाफ कड़े प्रवर्तन और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को बढ़ावा देने वाली पहल के माध्यम से शहर भर में सड़क सुरक्षा मानकों को सफलतापूर्वक बढ़ाया है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली की 10 सड़कों की भी पहचान की है, जहां पर इस साल सबसे ज्यादा घातक दुर्घटनाएं हुई है। पुलिस लगातार स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न चौक चौराहों पर जागरुकता कार्यक्रम के जरिए लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के पाठ पढ़ा रही हैं। मकसद यही है कि सड़क हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या को कम किया जाए।



### 10 सड़कों पर हुए सबसे ज्यादा हादसे

| | |
|---|---|
| रिंग रोड | 33 |
| आउटर रिंग रोड | 31 |
| जीटीके रोड | 27 |
| रोहतक रोड | 19 |
| नेशनल हाईवे 8 | 13 |
| मथुरा रोड | 10 |
| नजफगढ़ रोड | 9 |
| कंझावला रोड | 7 |
| नेशनल हाईवे 24 | 7 |
| वजीराबाद रोड | 7 |

## ई कॉमर्स कंपनी में फर्जी दस्तावेजों से नौकरी कर महंगा सामान लेकर हो जाते थे फरार, तीन धरे

**नई दिल्ली।** साउथ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो नौकरी दिलाने के नाम पर धोखे से लोगों की आईडी और दस्तावेज एकत्रित करते और फिर ई कॉमर्स कंपनियों में उनके सहारे डिलीवरी ब्वॉय की नौकरी हासिल कर लेते थे। बाद में महंगे सामान पर हाथ साफ कर फरार हो जाते थे। पुलिस ने ऐसे ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम निखिल राठौर, यागेन्द्र उर्फ योगी और चंदन कुमार मिश्रा है। इनके पास से पुलिस ने नौ मोबाइल, दो ईयरफोन, एक बेल्ट, लेडीज ड्रेस आदि ब्रांडेड सामान जब्त किया है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार 21 अप्रैल को हौजरानी मालवीय नगर निवासी पीड़ित ने कई वस्तुओं के चोरी होने की सूचना दी थी। सामान करीब पांच लाख कीमत का था। इस बाबत मिली शिकायत पर पुलिस ने चोरी, धोखाधड़ी और साजिश की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि ईकार्ट में नौकरी के लिए फर्जी आईडी दी गई थी। लोकल इंटेलीजेंस की मदद से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटायी गई और फिर उन्हें दबोच लिया गया। आरोपी पिछले पांच साल से ऐसा कर रहे थे। पुलिस ने इनके पकड़े जाने पर मालवीय नगर और द्वारका नार्थ थाने में दर्ज दो मामले सुलझाने का दावा किया है।

# उत्तम नगर: युवक की पीट पीटकर हत्या

## एक नाबालिग समेत तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तम नगर इलाके में 26 वर्षीय युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम करण बताया गया है। वह उत्तम नगर थाने का बीसी था। पुलिस का कहना है कि वह करीब 10 मामलों में शामिल रह चुका था। हत्या के आरोप में एक नाबालिग समेत तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वारदात में शामिल कुछ आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार शनिवार रात वारदात की सूचना मिली थी। एसआई राम निवास अन्य स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक पीसीआर वैन घायल युवक को सफदरजंग अस्पताल ले जा चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि आपसी रंजिश में हत्या की गई है। मृतक अपराधी प्रवृत्ति का था। कई मामलों में शामिल रह चुका था। फिलहाल पकड़े गये नाबालिग समेत तीन आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



## सीलमपुर: युवक की हत्या में दो नाबालिग समेत चार पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सीलमपुर इलाके में एक युवक की हत्या के केस में दो नाबालिग समेत चार आरोपी पकड़े गए हैं। इनके पास से तीन चाकू और बर्फ तोड़ने वाला सुआ बरामद हुआ है। दो आरोपियों के नाम मोहम्मद आदिल अंसारी (19) और फैजल (18) है। गली में शोर मचाने का विरोध करने पर हुई कहासुनी और फिर मृतक को सबक सिखाने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया था। युवक के ऊपर चाकू से आधा दर्जन बार हमला करने के बाद सुए से भी वार किए गए थे। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार शुक्रवार को मोहम्मद इकबाल (20) नाम के एक युवक की हत्या कर दी गई थी। वह करीब दो महीने पहले ही काम के सिलसिले में बिहार से दिल्ली आया था। मृतक इकबाल वर्तमान में गली नंबर 5, गौतमपुरी में सिलाई की फैक्टरी में काम कर रहा था। आरोपी गली में शोर शराबा करते थे, इस बात का पीड़ित ने विरोध किया था। करीब सप्ताह भर पहले आरोपियों और मृतक के बीच कहासुनी हुई थी। शुक्रवार रात गली में उस पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया था।

## भलस्वा डेयरी: मर्डर केस में फरार दो आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने भलस्वा डेयरी इलाके में हुए मर्डर केस में वांटेड दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। दोनों 2016 से फरार थे। इनके नाम जयपुर निवासी विक्रम उर्फ विक्की (35) व शिवा (24) बताये गये हैं। दोनों दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में रह रहे थे। आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 30 दिसंबर 2016 को मुकुंदपुर इलाके में हत्या की वारदात सामने आई थी। दरअसल सुबह करीब नौ बजे दोनों आरोपी अपने साथियों के साथ एक घर में घुसे थे। चंचल की पिटाई करने के बाद उस पर चाकू से हमला कर दिया। घायल को अचेत हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना को लेकर भलस्वा डेयरी थाने में हत्या का केस दर्ज किया। जांच के दौरान लोकल पुलिस ने इरशाद, विष्णु, राहुल और जैकी को अरेस्ट कर लिया था। मुख्य आरोपी विक्रम और शिवा इस केस में फरार थे। इस वारदात में शामिल बाकी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा कोर्ट ने सुनायी थी। फरारी के दौरान दोनों ने पुलिस और अपने दोस्तों से दूरियां बना ली थी। शुरुआती तीन चार महीने में ज्यादातर समय इन्होंने ट्रेन में ही इधर उधर सफर कर गुजारा। उन्होंने अपने फोन भी तोड़ दिए थे। वे मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, उतराखंड और राजस्थान में अपने ठिकाने बदलते रहे। दोनों अलग अलग शहरों में वेंडर और छोटे मोटे काम कर समय काट रहे थे। हाल ही में क्राइम ब्रांच की टीम को इनके जयपुर में होने का इनपूट मिला था। इसके बाद पुलिस ने दोनों को जयपुर से दबोच लिया।

### 20 और 21 मई को लोकसभा चुनाव के लिए डाल सकेंगे वोट

# चुनावी ड्यूटी वाले स्टाफ के लिए मतदान केंद्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने लोकसभा आम चुनाव 2024 में चुनाव ड्यूटी पर तैनात जिला की चारों विधानसभाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल एवं आवश्यक सेवाओं में तैनात मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए 20 व 21 मई को जिला विकास भवन में सुविधा केंद्र स्थापित करने के निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों में 2 सुविधा केंद्र तथा आवश्यक सेवाओं में तैनात मतदाताओं के लिए पोस्टल मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। डीसी द्वारा जारी आदेश के तहत शेष बचे हुए मतदाता 22 मई को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान कर सकते है। स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में पोस्टल वोटिंग के लिए रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंधक निदेशक मेजर गायत्री अहलावत तथा जिला विकास भवन के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पोस्टल वोटिंग के लिए नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा को डेडीकेटिड सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्वारा जारी आदेश के तहत जिला विकास भवन के प्रथम तल पर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सुविधा केंद्र 2 स्थापित किया गया है। रोहतक विसि क्षेत्र के चुनावी ड्यूटी पर स्टाफ के लिए 21 मई को सुबह 11 बजे से सांय 4 बजे तक पोस्टल वोटिंग होगी। कलानौर विस के लिए 20 को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला विकास भवन में पोस्टल वोटिंग की सुविधा दी गई है। पुलिस बल के लिए 20 को दोपहर 1 बजे से सांय 4 बजे तक जिला विकास भवन में पोस्टल वोटिंग की सुविधा दी जायेगी।



### सुविधा केंद्रों पर 2 टीमें की तैनात

उपायुक्त के मुताबिक सुविधा केंद्रों पर 2 टीमें तैनात की गई है। महम विधानसभा क्षेत्र में डयूटी पर तैनात स्टाफ के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए 20 को 10 बजे से 1 बजे तक स्थानीय जिला विकास भवन के डीआरडीए हॉल में सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। गढ़ी-सांपला-किलोई विस क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात स्टाफ के लिए जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में 20 को 1 बजे से सांय 4 बजे तक पोस्टल वोटिंग करवाई जायेगी।

## मतदाता निर्भय होकर करें मतदान: उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने मतदाताओं का आह्वान किया है कि वे लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव 2024 में 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। लोकतंत्र के मतदान रूपी पर्व में हर मतदाता गर्व के साथ भागीदार करें। संविधान द्वारा 18 वर्ष की आयुपूर्ण करने वाले नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के देश की सरकार चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार दिया गया है। डीसी ने बताया कि मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है और लोगों के लिए अपनी बात रखना जरूरी है। मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है, जो देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

**खबर संक्षेप**



## शिविर में 75 ने किया रक्तदान

**सोनीपत।** पं जयकिशन कंवाली सेवा समिति व माँ भारती रक्तवाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में कंवाली गांव के सरकारी स्कूल में पूर्व सरपंच की पं. जयकिशन की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नागरिक अस्पताल से आई रक्तकोष टीम ने 75 रक्तदाताओं का रक्तदान करवाया। शिविर का आयोजन जिला रेडक्रॉस सोसायटी सोनीपत के सौजन्य से करवाया गया। पं जयकिशन कंवाली सेवा समिति ने सभी रक्तदाताओ को फूलमालाएं डाल कर सम्मानित किया व शिविर में पधारे सभी संस्थाओ व समाज सेवियों का आभार व्यक्त किया।

## खत्म हो चुके बीजेपी के तरकश रू हुड्डा

**सोनीपत।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि कांग्रेस सरकार बनने पर गरीबों को मिलने वाले राशन के कोटे को बढ़ा कर 10 किलो किया जाएगा। हुड्डा ने बताया कि देश में कोई भूखा ना रहे, इसलिए कांग्रेस सरकार के दौरान राइट टू फूड का कानून लागू किया गया था। इसके के तहत गरीबों को 2-3-4 रुपये किलो के रेट पर सस्ता राशन, दाल, चीनी, तेल बांटा जाता था।

### रोटरी क्लब सोनीपत मिडटाउन ने करवाया कार्यक्रम

# मतदाताओं की जागरूकता के लिए किया नुक्कड़ नाटक, फिर मैराथन



**सोनीपत।** रोटरी क्लब मिडटाउन की मैराथन में शामिल प्रतिभागी और क्लब के पदाधिकारी।



**गोहाना।** समिति के सदस्य ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ दिलाते हुए।

लोगों को वोट के प्रति जिम्मेवारी के बारे में अवगत कराया और शपथ दिलाई कि सभी मतदान जरूर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोटरी क्लब सोनीपत मिडटाउन ने रविवार को शहर के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मैराथन का आयोजन किया। जिसमें शहरवासियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 6 बजे सेक्टर 12 नजदीक गेटवे कॉलेज किया गया। जिसमे गेटवे कालेज, एसआरएम यूनिवर्सिटी, जीवीएम और स्प्रैड स्माइल फाउंडेशन के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगो को वोट के प्रति जिम्मेवारी के बारे में अवगत कराया और शपथ दिलायी कि आने वाले चुनावों में सभी मतदान जरूर करे और लोकतंत्र को मजबूत बनाये। इसी कार्यक्रम में 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया जिसमे बच्चो से लेकर बड़े लोगो में उत्साह देखने को मिला। क्लब प्रेसिडेंट रविन्द्र भारद्वाज ने मैराथन को फ्लैग ऑफ किया। मैराथन प्रतिभागियों के लिए रास्ते में उचित प्रबंध किए गए थे। रवीन्द्र भारद्वाज ने सभी से अपील की अपने मत का प्रयोग देश को एक स्थिर सरकार देने के लिए जरूर करे और देश की तरक्की में भागीदार बने।

## सशक्त सरकार के निर्माण के लिए मतदान अवश्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

ग्राम सुधार समिति खन्दराई द्वारा रविवार को गांव खन्दराई में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को लोकतंत्र के महापर्व में 25 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के लिए नेतृत्व समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र खन्दराई का रहा। उन्होंने कहा कि सशक्त सरकार के निर्माण के लिए लोकसभा चुनाव में बिना किसी जातीय व धर्म भेद के मतदान करें। जगमहेंद्र ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में 25 मई को मतदान होना है। इस दिन सभी मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें। उन्होंने कहा कि हम अपनी वोट की ताकत के बूते पर लोकतंत्र व्यवस्था को मजबूत बनाने में विशेष भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में समिति के सदस्य व ग्रामीणों में कुलदीप मेहरा, बिजेंद्र सिंह, बिट्टू, राममेहर सिंह, कृष्ण कुमार, दीपक, सतबीर सिंह, महेंद्र, भीम सिंह, राहुल, ओम प्रकाश, रणधीर सिंह, विनोद कुमार, करमू व चौकीदार कुलदीप विशेष रूप से मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के पक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री ने चलाया जनसंपर्क अभियान

- बोले- सतपाल ब्रह्मचारी कर्मठ और ईमानदार व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का स्वागत करते हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा रविवार को सोनीपत से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के लिए वोट मांगने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने गांव सिसाना, खांडा, खेवड़ा, कुराड़, महलाणा, भटगांव, फरमाणा, भैंसवाल कलां और कथूरा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। हुड्डा ने कहा कि सोनीपत लोकसभा के विकास और संविधान की रक्षा के लिए सतपाल बह्मचारी जैसे कर्मठ और ईमानदार व्यक्तियों की बड़ी जीत जरूरी है। अपने संबोधन में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने लोगों को कांग्रेस और बीजेपी की नीतियों के बीच अंतर समझाया। उन्होंने कहा कि 10 साल सरकार चलाने के बावजूद आज भी बीजेपी के पास गिनवाने के लिए एक भी काम नहीं है, जबकि 10 साल से विपक्ष में होते हुए भी कांग्रेस अपने काम के नाम पर वोट मांग रही है। बीजेपी के घोषणापत्र में भी ऐसा कोई वादा नहीं है, जो जनता के भीतर कोई उम्मीद जगा सके। इसलिए बीजेपी के नेता अपने घोषणापत्र से ज्यादा कांग्रेस के घोषणापत्र पर बयानबाजियां कर रहे हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व सांसद धर्मपाल सिंह मलिक, विधायक जगबीर मलिक, विधायक जयवीर वाल्मिकी, विधायक सुरेंद्र पंवार,विधायक इंदुराज नरवाल,पूर्व विधायक जय तीर्थ दहिया, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना, मेयर निखिल मदान, चांद पहलवान, जग्गी नंबरदार सरपंच सिसाना, सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र दहिया,अशोक सरोहा आदि लोग मौजूद रहे।

# शिविर में २८ लोगों ने कमाया रक्तदान का पुण्य

- आहुति गोहाना के सहयोग से विरमानी अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** चेयरपर्सन रजनी विरमानी रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ करते हुए।

शहर में बरोदा रोड स्थित विरमानी अस्पताल में रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर गोहाना की नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति के सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर में 28 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर प्रातः 10 बजे शुरू हुआ और दोपहरबाद 2 बजे तक चला। रक्तदान शिविर की मुख्यातिथि नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी रही। चेयरपर्सन ने रिबन काट कर शिविर का शुभारंभ किया। संयुक्त संयोजन डॉ. रोहित विरमानी और डॉ. दीप्ति विरमानी का रहा। रक्त संकलन के लिए पंडित भगवत दयाल आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक से डॉ. रुपाली की टीम पहुंची। आहुति के को-ऑर्डिनेटर सन्नी निरंकारी के अनुसार शिविर में 28 लोगों ने रक्तदान का पुण्य कमाया।

# पीएम मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दलों की नींद उड़ी : बड़ौली

- कश्यप ऋषि की मूर्ति स्थापना उत्सव में शामिल हुए मोहन लाल बडौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** गोहाना में आयोजित कार्यक्रम में महर्षि कश्यप को नमन करते हुए भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली।

भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने अपने अभियान के तहत रविवार को सोनीपत सेक्टर 13-14, गन्नौर बाजार, मलिकपुर गांव, दतौली आदि जगहों पर जनसंपर्क कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। सोनीपत सेक्टर में चुनावी सभाएं की। बडौली ने कहा कि, पीएम मोदी की बढ़ती लोकप्रियता, अभूतपूर्व स्नेह और आशीर्वाद से विपक्षी दलों की नींद उड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में उमड़ी भीड़ ने यह साफ कर दिया है कि, यहां से भाजपा की जीत तय हैं। गोहाना में कश्यप ऋषि के मूर्ति स्थापना उत्सव पर रविवार को विशाल रोड शो का आयोजन किया गया। स्थापना उत्सव में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली ने शामिल होकर पूजा-अर्चना की। मोहन लाल बडौली ने नायबॉस, गामड़ा, खेड़ी गुज्जर, बिलंदपुर, जफरपुर, अहीरमाजरा आदि जगहों पर जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। मोहन लाल बड़ौली के छोटे भाई माईराम कौशिक ने पटेल नगर, मुगलपुरा रोड, पानीपत रोड, मॉडल टाउन आदि जगहों पर जनसंपर्क कर अपने बड़े भाई को वोट देने के लिए लोगों से अपील की।

# अग्रवाल समाज ने 60 विधवाओं को दी पेंशन व रसोई सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते हुए पदाधिकारीगण।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन जिला सोनीपत इकाई द्वारा 13वां पेंशन वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 60 महिलाओ को यह सहायता उपलब्ध करवाई गई। इस कार्यक्रम में गायक संदीप तायल द्वारा भजन गायन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लाला कपूर चंद सूर्यप्रकाश अग्रवाल पीतम पूरा वाले रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने उपस्थिति दर्ज कराई। अति विशिष्ट अतिथि के रूप मे संजय बंसल, बिजेंद्र कपिल गोयल, हरिप्रकाश मंगला बैन्यापुर वाले, सतपाल बंसल, ब्रह्मप्रकाश मित्तल, सीए पंकज गोयल व पावेल गर्ग रहे। राजीव जैन ने पूरे भारतवर्ष मे अकेली सोनीपत टीम द्वारा यह सफल आयोजन लगातार 13 वर्षो से करने पर पूरी टीम को बधाई दी। सम्मलेन द्वारा कार्यक्रम मे मौजूद सबसे अधिक उम्र के 2 पुरुषों व 2 महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मेलन के लाला प्रेमनारायण गुप्ता, प्रवीण गोयल ने बताया कि सम्मेलन द्वारा सहायतार्थ परिवारों की पहचान बिल्कुल गुप्त रखी जाती है। महिला टीम की अध्यक्ष बबीता जिंदल के नेतृत्व मे बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाये गए व युवा प्रधान सीए अनुज मंगला की टीम द्वारा व्यवस्था मे सहयोग किया गया। सम्मलेन के चेयरमैन संजय सिंगला, प्रधान अनिल गुप्ता, महामंत्री एडवोकेट अरविन्द मित्तल ने बताया कि सम्मलेन महाराजा अग्रसेन जी की समाजवाद की नीति एक रुपया एक ईंट की नीति के तहत समाज की जरूरतमंद व विधवा महिलाओ को लगातार 13 वर्षो से पेंशन व रसोई की सामग्री उपलब्ध करवा रहा है।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिप्रकाश मंगला, ओडी गर्ग, एडवोकेट सुमित मित्तल, लाला रामधारी जिंदल, रामलाल जिंदल, सुभाष जिंदल, संजीव अग्रवाल, दिनेश कुच्छल, कपिल गोयल, सुशील गोयल, जीतेन्द्र गुप्ता, सीए दीपक गुप्ता, प्रवीण गोयल, वीडी बंसल, पुनीत अग्रवाल, महावीर बंसल, प्रमोद जैन, पूजा, अरविन्द जैन, किरण गर्ग, अंजलि जिंदल, संजय गोयल, विपिन गुप्ता, विवेक गर्ग, अंकित जैन, संगीता मंगला, मनीशा गुप्ता, उमा गोयल, अनिता गोयल, बेबी गर्ग, अनिता गुप्ता व मोनिका गर्ग आदि मौजूद रहे।

## नेत्र जांच, दवाई और ऑपरेशन शिविर आज

- कैंप का आयोजन लक्ष्मी देवी गोसाईं धर्मशाला में किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महात्मा आशानन्द वधवा - हिन्दू मंच सोनीपत तथा ज़िला अंधता निवारण समिति सोनीपत के विशिष्ट सहयोग से 20 मई यानि सोमवार को मुफ्त नेत्र जांच, दवाई, आप्रेशन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैंप का आयोजन लक्ष्मी देवी गोसाईं धर्मशाला सिक्का कालोनी सोनीपत के प्रांगण में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# शिविर में लिया गया विकलांगों के अंगों का नाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** शिविर में विकलांगों के अंगों का नाप लेते हुए चिकित्सक

सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा कृत्रिम अंग नाप शिविर व सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच कैम्प में 55 विकलांगो के अंगों के नाप लिए गए और 60 मरीजों के स्वास्थ्य की मुफ्त में जांच की गई। शिविर में 8 मरीजों के कृत्रिम हाथ व 33 मरीजों का कृत्रिम पैर का व 14 मरीजों का लोवर बॉडी का नाप लिया गया। यह अंग लगभग 20 दिन बाद विकलांगो को निशुल्क दिए जायेंगे, 4 मरीजों को बैशाखी दी जाएगी। हिसार टीम से डॉ. रामफल, डॉ. प्रदीप, डॉ. विक्रम व डॉ. रामकिशन ने यह नाप लिए। संस्था के चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि सोनीपत मे पहली बार विकलांगो के कृत्रिम अंगों का नाप शिविर हिसार की संस्था लाला देवी चंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माणशाला के सहयोग से यह कैंप लगाया गया। संजोग हस्पताल के सहयोग से सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाया गया, वहीं वर्मा लैब द्वारा मुफ्त में ब्लड जांच की गई।

**ये रहे मौजूद**

कैंप में महिला प्रधान शालू त्यागी, उप प्रधान प्रवीण वर्मा, निदेशक एडवोकेट अरविन्द मित्तल, निदेशक संजय वर्मा, निदेशक दिनेश कुच्छल, निदेशक मनीष बंसल, अविनाश सेठी, बलराज वशिष्ठ,आकाश त्यागी, अमित सिंगला, आशीष शर्मा, अनिल गुप्ता, पार्षद अतुल जैन, पार्षद सुरेंद्र मदान, संजय बेनीवाल, अकांक्षा ने सेवा दी।

## समाज कल्याण संगठन ने 38 पौधे लगाए



**गोहाना।** संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा पौधों में पानी डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन ने अपने साप्ताहिक पौधारोपण अभियान में रविवार को विभिन्न किस्मों के 38 नए पौधे रोपे। ये पौधे अलग-अलग जगह पर बने डिवाइडरों के बीच में लगाए गए। पौधारोपण की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। दीनबंधु चौ. छोटूराम चौक, पुराने बस स्टैंड के डिवाइडर, बरोदा रोड के डिवाइडर और महम रोड के डिवाइडर पर चंपा, चांदनी, गुड़हल और पाम के पौधे लगाए गए। सूखे मिले 4 पौधों को भी बदल दिया गया। पुराने पौधों की नलाई-गुड़ाई करते हुए वाटर टैंकर से उन्हें पानी भी दिया गया। पौधारोपण के लिए श्रमदान मनोज कुमार, अजित चौहान, मोनू, हरीश, पवन, सुभाष दरोगा, बलजीत जांगड़ा, जगदीश, प्रवीण, सुनील, अभिमन्यु आदि ने किया।

## विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**गोहाना।** गांव बड़ौता स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप सांगवान ने किया। समारोह में 11 वीं कक्षा से महक, गीता, ज्योति और नौवीं कक्षा से नीतू, नेहा व भावना को सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य सुनीता और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनको मेहनत से आगे बढने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लें। इससे उनका बौद्धिक विकास होगा और प्रतियोगिता की भावना जागृत होगी।

### मार्केटिंग बोर्ड जींद द्वारा पौली, हथवाला और धनाना सम्पर्क मार्ग का करवाया जा रहा निर्माण

# ग्रामीणों ने सड़क पर पर्याप्त रोड़ा डालने की मांग की

- निर्धारित मापदंडों के अनुरूप डाला गया रोड़ा, गुणवत्ता के साथ होगा सडक का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** सडक का निर्माण जल्द निर्माण करवाने व डाला गया रोड़ा दिखाते हुए गांव धनाना के ग्रामीण।

मार्केटिंग बोर्ड जींद द्वारा गांव पौली, हथवाला और गांव धनाना तक एक सम्पर्क मार्ग का निर्माण करवाया जा रहा है। बोर्ड द्वारा इस मार्ग का विस्तारीकण करवाया गया है। गांव धनाना के ग्रामीणों का कहना है कि सडक निर्माण में ठेकेदार द्वारा कम रोड़ा डाला गया है। सडक पर पर्याप्त मात्रा में रोड़ा डाला जाए और सडक का जल्द निर्माण करवाया जाए।

गांव पौली और हथवाला जिला जींद क्षेत्र और गांव धनाना जिला सोनीपत क्षेत्र में आता है। मार्केटिंग बोर्ड जींद द्वारा गांव पौली से हथवाला और धनाना तक कई साल पहले 12 फीट चौड़ी सडक का निर्माण करवाया गया था। अब बोर्ड द्वारा इस सडक की चौड़ाई बढ़ाकर 18 फीट की गई है। गांव धनाना निवासी भरत सिंह, सत्यवान राठी, मास्टर जय भगवान, ईश्वर सिंह, रामकंवार, नारा, जगबीर और नसीब सिंह के अनुसार ठेकेदार द्वारा सडक पर कम मात्रा में रोड़ा डाला गया है। बारिश के दिनों में सडक के साथ-साथ खेतों में पानी भर जाता है। ऐसे में रोड़ा कम होने से सडक जल्दी टूटने का खतरा बना रहेगा। ग्रामीण बिजेंद्र, देवेंद्र, कृष्ण, दलीप, रमेश और ओमप्रकाश ने कहा कि सडक पर और अधिक रोड़ा डाला जाए ताकि सडक की मजबूती बनी रहे और सड़क का जल्द निर्माण करवाया जाए।

**निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होगा निर्माण**

यह सडक पहले से बनी हुई थी। ऐसे में नियम के अनुसार सडक पर 3 इंच रोड़ा डाला गया है। सडक की चौड़ाई दोनों तरफ से 3-3 फीट बढ़ाकर 18 फीट चौड़ी की गई है। इस जगह में खोदाई करके नियम के मुताबिक दोनों तरफ एक-एक फीट रोड़ा डाला गया है। अब सडक पर 30 एमएम की बीसी (तारकोल का माल) डाला जाएगा। इससे पहले सडक पर रोड़ों की अच्छे से कुटाई करके सफाई की जाएगी। सडक का निर्माण निर्धारित मापदंडों के अनुरूप किया जाएगा। सडक पर तारकोल का माल डालने का काम आगामी करीब 15 दिन में शुरू कर दिया जाएगा। सडक बनाने के बाद रखरखाव की जिम्मेवारी ठेकेदार की होती है। ऐसे में गुणवत्ता के साथ समझौता संभव ही नहीं है।

-नरेश तायल, जेई मार्केट कमेटी सर्कल जुलाना